प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 02.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क–ओ.एन.डी.सी. ने छोटे व्यापारियों के सशक्तिकरण और ई–कॉमर्स के क्षेत्र में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बढ़ोतरी और खुशहाली बढ़ाने में ओएनडीसी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी सरकार ने ओएनडीसी की शुरुआत भारत में ई–कॉमर्स को लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से 2021 में की थी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में इसने असंख्य उपलब्धियां हासिल की है और अपने नेटवर्क पर एक समान मंच का निर्माण करके व्यापारियों, विशेष रूप से लघु उद्यमियों के सशक्तिकरण में मदद की है।

..................................

गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए टिकटों की बिक्री आज से शुरू हो रही है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टिकट सेना भवन, शास्त्री भवन, जंतर–मंतर, प्रगति मैदान और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से मूल फोटो पहचान पत्र दिखाकर खरीदी जा सकती हैं। सीधे वेबसाइट **आमंत्रण डॉट एमओडी डॉट जीओवी डॉट आईएन** और आमंत्रण मोबाइल ऐप से भी टिकट खरीदी जा सकती है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड के लिए टिकटों की कीमत 20 रुपये से 100 रूपये तक और बीटिंग रिट्रीट के लिए 20 रुपये रखी गई है।

..................................

डूंगरपुर में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत जागरूकता, प्रभावी निगरानी और प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बैठक की। जिला स्तरीय समिति की इस बैठक में में जिला कलक्टर ने एवीवीएनएल विभाग के अधिकारियों को योजना के लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ब्लॉक वार जागरूकता कार्यशाला, बैठकें आयोजित करने और प्रभावी मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

..................................

प्रदेशभर में कल से शुरू हुए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जैसलमेर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने शहर के प्रमुख चौराहों पर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी बैनर और पोस्टर लगवाये हैं। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी जा रही है। **हनुमानगढ़** में भी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी कडी में युवा वर्ग को सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न माध्यमों और आयोजनों से जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत भादरा में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इधर, **पाली** में 'परवाह' थीम पर ओवर ब्रिज, टोल प्लाज़ा और मुख्य मार्गो पर वाहन चालकों को गुलाब के फूल देकर यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। भरतपुर में भी परवाह थीम के तहत आज वाहन चालकों के साथ समझाइश कर सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई। साथ ही दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने और चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का आग्रह करते हुए गुलाब का फूल भेंट किये गये। इससे पहले यातायात नियमों के पालन करने के संदेश के साथ बाइक रैली निकाली गई।

..................................

महिला अधिकारिता विभाग और पाली जिला प्रशासन की ओर से आज से 7 दिवसीय अमृता हाट मेले का आयोजन किया जायेगा। इस मेले का उद्देश्य महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करना है। मेले में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जायेगा।

.................................

सवाईमाधोपुर में जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने कल आत्मा योजना के तहत पांच दिवसीय अन्तर राज्य कृषक भ्रमण दल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कृषि विभाग के उप निदेशक अमर सिंह ने बताया कि 50 किसानों को केंद्रीय भेड़ और ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर टोंक, अमरूद उत्कृष्टता केंद्र देवड़ाबास टोंक, केंद्रीय बीज मसाला अनुसंधान संस्थान तबीजी अजमेर, कृषि विज्ञान केंद्र अजमेर और राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा जयपुर का भ्रमण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के कृषक इस भ्रमण से भेड और ऊन पालन के साथ–साथ खेती और बागवानी की नई तकनीक सीखेंगे।

.................................